आधुनिकीकरण, पुनः निर्माण और श्रमिकों के स्वैच्छिक सुव्यवस्थीकरण की परिकल्पना की गई है ; ऐसी आशा है कि ग्रामीण सुधार नीति के कार्यान्वयन के पश्चात एन टी सी मिलें और बी आई सी की वस्त्र मिलें आर्थिक रूप से अर्थक्षम हो जाएंगी।

**Decline in Cloth Production**

790. SHRI KAMAL MORARKA: Will the Minister of TEXTILES be pleased to state:

(a) the total cloth production in the country in all the three sectors namely mill, powerloom and handloom during the years 1990-91. 1991-92 and 1992-93;

(b) whether the cloth production has registered a sharp decline since the last year;

(c) whether it is a fact that the Textile Industry has failed to take advantage of the concessions extended by Government if so, what are the reasons therefore; and

(d) what steps are being taken to augment textile production which is a big area for exports as well as employment in the country?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF TEXTILES (SHRI G. VENKAT SWAMY): (a) The total cloth production in the country in all the three sectors namely mill, powerloom and handloom during the years 1990-91, 1991-92 and 1992-93 are;

(Mill. Sq. Mtrs)

| Year | Mill Sector | Power-loom Sector | Hand-loom Sector |
|---|---|---|---|
| 1990-91 | 2589 | 16044 | 4295 |
| 1991-92 | 2376 | 16089 | 4123 |
| 1992-93 (Estimate) | 2255 | 16630 | 4255 |

(b) In 1991-92 nominal fall in production has been registered.

(c) No, Sir.

(d) Government have taken various steps to augment textile production such as:

1. Restriction of creation and expansion of capacity has been removed subject only to locational guidelines.

2. Requirement of licencing has been done away with.

3. Measures are taken to ensure availability of raw material for the industry through policy intervention whenever necessary.

4. Textile Machinery can be imported and duty on such machinery has already been reduced.

**उत्तर प्रदेश में हथकरघा क्षेत्र का विकास**

791. **चौधरी हरमोहन सिंह:** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत दो वर्षों के दौरान हथकरघों के विकास के लिए उत्तर प्रदेश से किस-किस प्रकार के कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं; और

(ख) गत दो वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में हथकरघों के विकास के लिए वास्तव में कितनी धनराशि उपलब्ध कराई गई है?

**वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी० वैंकट स्वामी):** (क) गत दो वर्षों के दौरान पर्वतीय क्षेत्र में ऊनी हथकरघा विकास परियोजना, कार्यशाला-सह-आवास योजना, निःसहाय बुनकरों के लिए मार्जिन मनी योजना, जनता कपड़ा योजना आदि के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश राज्य सरकार से प्रस्ताव प्राप्त हुये हैं।

(ख) गत तीन वर्षों में उत्तर प्रदेश राज्य को हथकरघों के विकास के लिए जारी की गई राशि इस प्रकार है:—

| वर्ष | राशि लाखों में |
|---|---|
| 1989-90 | 3191.32 |
| 1990-91 | 4499.84 |
| 1991-92 | 3769.42 |

**उत्तर प्रदेश में तकलों का वितरण**

792. **चौधरी हरमोहन सिंह:** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि.

(क) क्या सरकार आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के माध्यम से उत्तर प्रदेश में तकलों को वितरित करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार की उन योजनाओं का ब्यौरा क्या है